हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 24 अप्रैल 2024

[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]

04 हनुमान जयंती पर भंडारा व चल समारोह का हुआ ...



07 जादूगर ग्रुप ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन



## खबर संक्षेप

### 5वीं व 8वीं का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**नलखेड़ा।** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की बोर्ड पैटर्न पर आयोजित जिला स्तरीय वार्षिक परीक्षा में परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। मंगलवार को घोषित कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम 81 प्रतिशत रहा,जिसमे 94 भैया बहनो में से 93 भैया,बहिन प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण एवं 01 भैया द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुआ। कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम 82 प्रतिशत रहा। 65 भैया बहिन उत्तीर्ण हुए। पांचवी कक्षा में बहिन ललिता दिलीप सिंह सिसोदिया ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की मेरिट में प्रथम स्थान बनाया जबकि कक्षा आठवीं की मेरिट लिस्ट में 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भैया रोहित मोहनलाल गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफलता प्राप्त करने वाले सभी भैया बहिनों को शिक्षण समिति, आचार्य, दीदी परिवार द्वारा बधाई देते हुवे उज्वल भविष्य की कामना की गई।

### वरिष्ठ समाजसेविका इंदु सेठी का निधन




**नलखेड़ा।** गांधीवादी विचारधारा से शहर में हमेशा लोगो को सादगीपूर्ण जीवन जीने का संदेश देने वाले समाजसेवक स्व. रामचंद्र सेठी की धर्मपत्नि इंदु सेठी का 98 वर्ष की आयु सोमवार को निधन हो गया। स्व- रामचंद्र सेठी की भांति इंदू सेठी भी समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेती थी। मृदुभाषी व बेहद मिलनसार इंदू सेठी पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थी। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास सदर बाजार छावनी से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। छावनी मुक्ति धाम पर हनुमानदास गुप्ता, सुधीर भाई, हेमंत शर्मा, अशोक शर्मा, पारस जैन, मांगीलाल सोनी आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### संकट कटे मिटे सब पीरा... जो सुमिरे हनुमत बलबीरा !


# मंदिरों में गूंजे अंजनीलाल के जयकारे, लगा छप्पन भोग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेडा











**हनुमान प्राकट्य उत्सव पर संकटमोचक का किया गया मनोहरी श्रृंगार**

हनुमान प्राकट्य उत्सव के पर्व पर नगर सहित अंचल के ग्रामों में स्थित हनुमान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ संकट मोचक का मनमोहक व आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिरो में पवनसुत को 56 भोग लगाया गया।

जय हनुमान ज्ञान गुण सागर , जय जय कपीस तिहुं लोक उजागर,, की गूंज के साथ सुंदरकांड, हनुमान चालीसा के पाठ हुए। कई मंदिरों में हवन एवं महाआरती के कार्यक्रम भी हुए। अंजनीलाल को छप्पन भोग भी लगाए गए। नगर के प्राचीन पांडव कालिन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर, चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, गवलीपुरा स्थित पायगा वाले हनुमान मंदिर, बगुलामुखी स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर, खेडापति हनुमान मंदिर,सूर्यमुखी हनुमान मंदिर , अलिजा महाराज स्थित हनुमान मंदिर सहित अंचल के ग्राम गुदरावन स्थित श्री बावडी वाले हनुमान मंदिर, लालूखेडी में जालेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में स्थित श्री दास हनुमान मंदिर टिकोन स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान प्रकटउत्सव पर्व पर मंदिरो की सजावट पुष्पों तथा बैलून से कर मंदिरों को रोशनी से जगमगाया गया। सभी स्थानों पर हनुमान प्रतिमा का चोला चढाकर आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### पांडवकालीन मंदिर पर भक्तों की आस्था

मंगलवार को अंजनी लाल पवन पुत्र हनुमान के प्राकट्य उत्सव पर प्राचीन पाण्डवकालीन बल्डावदा हनुमान मंदिर भक्तों की आस्था उमड़ी। पर्व को लेकर मंदिर व परिसर को सजा कर प्रातःकाल से ही दर्शनार्थ आए भक्तो को प्रसादी का वितरण किया गया वहीं शाम को मंदिर परिसर में महाआरती कार्यक्रम भी हुआ।

### 56 भोग लगा कर की महाआरती

मां बगलामुखी मंदिर के मुख्य सिंह द्वार के बाहर स्थित सूर्यमुखी हनुमान मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया। हनुमान जी की प्रतिमा का श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। यहां पर भी दोपहर 12 बजे महाआरती तत्पश्चात भजन का आयोजन हुआ। इसके पश्चात भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया। बगलामुखी मंदिर परिसर में स्थित श्री वीर हनुमान मंदिर पर भी पवन पुत्र का मनोहारी श्रृंगार कर छप्पन भोग लगाया गया। दोपहर 12 बजे महाआरती का कार्यक्रम हुआ। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों द्वारा भाग लिया गया। आरती प्रसाद प्रसादी का वितरण भी किया गया।

गवलीपुरा स्थित पायगा वाले हनुमान मंदिर पर भक्तों द्वारा हवन किया गया महाआरती की गई। नगर के वार्ड क्रमांक 5 हनुमान मंडी स्थित श्री दास हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव के पर्व पर दोपहर 12 बजे महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों द्वारा भाग लिया गया। कई स्थानो पर सुंदरकांड पाठ, हवन आदि धार्मिक आयोजनो के साथ जन्मोत्सव मनाया गया । चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हवन के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुवे। तथा रात्रि में महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तो द्वारा भाग लिया गया। आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया।

### शिव के 11 वें रुद्र हैं , हनुमानजी

ज्योतिषो के अनुसार चैत्र माह की पूर्णिमा पर भगवान राम की सेवा के उद्देश्य से भगवान शिव के 11वे रुद्र ने माता अंजना के यहाँ हनुमानजी के रूप में जन्म लिया था । पौराणिक कथाओं के अनुसार हनुमान जी परोपकारी व्यक्ति पर हमेशा ही प्रसन्न रहते है । हनुमान जी को चोला चढ़ाने से बाधाओ से मुक्ति मिलती है । यू तो हनुमान प्राकट्य उत्सव पर की गई पूजा हर किसी के लिए पुण्यदायक है , लेकिन विधार्थियो एवं व्यापारियों के लिए यह विशेष लाभदायक है । हनुमानजी भक्ति व शक्ति का संगम है जो भक्तो की सभी मनोकामनाओ को पूर्ण करते है । हनुमान प्राकट्य उत्सव पर मारुतिनंदन को चोला चढ़ाने से साधक को सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है , साथ ही सभी बाधाओ से मुक्ति मिलती है ।

# सरस्वती शिशु मंदिर में समरकैंप का हुआ समापन

**11 दिन में बच्चों ने सीखी विभिन्न विधाएं**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

स्थानीय सरस्वती शिशु/ विद्या मंदिर में व्यक्तित्व विकास के लिए चल रहे समर केम्प का मंगलवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में समर केम्प में सीखी विधाओं का भैया बहिनों द्वारा प्रदर्शन किया गया। मंगलवार हनुमान जयंति को 11 दिवसीय समरकेम्प का समापन हुआ। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद सिंघवी द्वारा की गई। मुख्य अतिथि श्रीमती आस्था नारेलिया एवं विशेष अतिथि गोविंद वेदिया, हेमेंद्र मित्तल, शिवराम प्रजापति,ईश्वर सोलंकी थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती आस्था नरेलिया द्वारा भैया बहनों का मार्गदर्शन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

सभी 75 पंजीयन विद्यार्थियो को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस समापन कार्यक्रम में भैया बहनों द्वारा अपनी अपनी विधाओं का प्रदर्शन किया गया ,जो उन्होंने 11 दिन में विद्यालय में सीखी थी। इस समर कैंप में प्रमुख रूप से गायन, नृत्य, चित्रकला, वादन, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी शूटिंग विधाओं का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य कमल नागर द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन अनिल शर्मा ने किया।

# बाल हनुमान के साथ निकली प्रभातफेरी

**नगर में गूंजे जय श्रीराम के जयघोष**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा प्रतिदिन निकाली जा रही प्रभातफेरी हनुमान जयंती पर पवनसुत के रंग में डूबी हुई थी। हनुमान जी की आरती के बाद बाल हनुमान के साथ नगर में प्रभातफेरी निकाली गई।

श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा नगर में ब्रह्म मुहूर्त में प्रतिदिन प्रभातफेरी निकाली जा रही है। ये प्रभातफेरी हर त्यौहार पर संबंधित भगवान की भक्ति में डूबी नजर आती है। मंगलवार को हनुमान जयंती पर मंडल द्वारा प्रातः 5 बजे चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान जी की आरती करने के पश्च्यात 5.30 बजे प्रभातफेरी प्रारम्भ हुई। प्रभातफेरी में एक बालक बाल हनुमान के वेश में शामिल था जो विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रभातफेरी में भक्त झांझ, मंजीरे व ढोलक की थाप पर राम भक्त हनुमान के भजन व अन्य धार्मिक भजन गाते हुवे चल रहे थे। वहीं प्रभात फेरी के दौरान आतिशबाजी भी की जा रही थी। सम्पूर्ण नगर में भ्रमण के बाद प्रतिदिन अनुसार चौक बाजार में श्रीराम स्तुति के साथ ही प्रभातफेरी का समापन जय श्रीराम के जयघोष के साथ हुआ।

### हनुमान जन्मोत्सव पर चल समारोह निकाला गया

**नलखेड़ा।** हनुमान प्राकट्य दिवस पर नगर में स्थित अति प्राचीन श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से एक चल समारोह निकल गया जो की नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ पुनः मंदिर पहुंचा। मंगलवार शाम चार बजे श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर से एक चल समारोह प्रारंभ हुआ जिसमे श्री खेड़ापति हनुमान जी की तस्वीर एक फूलो से सुसज्जित रथ में रखकर निकाली गई। जिसमे भक्त जन भगवान श्री हनुमान पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देते हुए चल समारोह में चल रहे थे । चल समारोह नगर के विभिन्न मार्गो से होता हुआ पुनः मंदिर पहुंचा जहा महाआरती के पश्चात भजन संध्या का आयोजन हुआ ।


**मामला तीर्थ यात्री सेवा सदन के गुणवत्ताविहीन निर्माण का**

# भ्रष्टाचार छुपाने में भी किया भ्रष्टाचार, फिर टपकना प्रारम्भ हुए लाल पत्थर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



भ्रष्टाचार कितना बेखौफ हो चुका है कि उसे छुपाने में भी भ्रष्टाचार कर दिया जाता है। अधिकारी व ठेकेदार मिलकर मंदिर जैसे धार्मिक स्थलों को भी नही छोड़ रहे है। मामला नगर में स्थित विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों को ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए मप्र तीर्थ स्थान मेला प्राधिकरण एवं धर्मस्व विभाग द्वारा निर्माण एजेंसी हाऊसिंग बोर्ड के माध्यम से नगर में एक तीर्थ यात्री सेवा सदन का निर्माण करवाया गया था।जिसका लोकार्पण 14 दिसम्बर 2022 को हुआ था। लोकार्पण के कुछ माह बाद ही जबकि इसका उपयोग भी प्रारम्भ नही हुआ लाखों रुपये लागत के इस तीर्थ यात्री सेवा सदन के गुणवत्ताविहीन निर्माण के कारण इसकी बाहरी दीवारों लगे लाल पत्थर गिरना प्रारम्भ हो गए थे। कुछ ही दिनों में इसके चारों तरफ के पत्थर टपाटप गिर रहे थे। मामले को लेकर हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से समाचार प्रकाशन के बाद कलेक्टर द्वारा इसका निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को एक सप्ताह में इसके दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए गए थे। लेकिन भ्रष्टाचार में आकंठ तक डूबी निर्माण एजेंसी अपने द्वारा करवाये गए गुणवत्ताविहीन निर्माण को ढकने में भी भ्रष्टाचार करने से नही चुकी है। जो लाल पत्थर तीर्थ यात्री सेवा सदन की बाहरी दीवारों से गिरे थे उन्हें पुनः लगा तो दिए गए थे लेकिन मात्र चार माह बाद इनका टपकना फिर प्रारम्भ हो गया है। भ्रष्टाचार को छुपाने के लिए इन पत्थरों को बिरंजियो (किलों) के सहारे टिकाया गया



था जबकि इन्हें उच्च गुणवत्ता वाले एडिसिव से लगाना था। यहाँ ठेकेदार द्वारा फिर से निर्माण एजेंसी से मिलीभगत कर महंगे एडिसिव(केमिकल) के स्थान पर पुनः सीमेंट से लगाकर उन्हें बिरंजी के सहारे टिका दिए गए थे। इस भ्रष्टाचार की पोल फिर से टपकते पत्थर खोल रहे है। अब जिम्मेदारों को भ्रष्टाचार में आंकठ तक डूबी निर्माण एजेंसी व ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाना अतिआवश्यक हो गया है। भ्रष्टाचार को छुपाने में किये गए भ्रष्टाचार का खुलासा तब हुआ जब हरिभूमि प्रतिनिधि तीर्थ यात्री सेवा सदन को आम भक्तों के उपयोग के लिए खोला गया अथवा नही यह देखने पहुंचा। यहाँ यह आश्चर्यजनक तथ्य है कि जब निर्माण कार्य स्वयं गुणवत्ताविहीन निर्माण के सबूत दे रहा है फिर भी संबंधित निर्माण एजेंसी हाऊसिंग बोर्ड के जिम्मेदार अधिकारियों व संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कोई कार्यवाही आज तक नही की गई है। लगता है भ्रष्टाचार में लिप्त किसी के भी खिलाफ कार्यवाही नही होने से वे बेखोफ हो गए है और स्वयं के भ्रष्टाचार को ढकने में भी भ्रष्टाचार करने से नही चूक रहे है। जिला कलेक्टर को इस बात को संज्ञान में लेकर तत्काल दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाना चाहिए, साथ ही अनुबंध की शर्त के अनुसार तीर्थ यात्री सेवा सदन की बाहरी दीवारों पर लाल पत्थर लगवाएं जाना चाहिए। इसके साथ ही धार्मिक स्थल पर अनुबंध की शर्तों को ताक पर रखकर किये गए गुणवत्ताविहीन निर्माण को लेकर सम्बंधित निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार पर कानूनी कार्यवाही करते हुवे आपराधिक प्रकरण दर्ज करवा कर ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त तत्काल तीर्थ यात्री सेवा सदन की बाहरी दीवारों पर लगे लाल पत्थरों को अनुबंध की शर्तों के अनुसार उच्च कोटि के एडिसिव से लगवाया जाना चाहिए ताकि भविष्य में पुनः ये टपके नही।

## खबर संक्षेप


### वेयरहाउस आनर्स ऐसोसिएशन ने खाद्य अधिकारी को दिया ज्ञापन



**देवास।** देवास वेयर हाउस आनर्स ऐसोसिएशन ने उपार्जित गेंहु के परिवहन को लेकर जिला खाद्य अधिकारी शालू वर्मा को ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में उपार्जित गेंहु जो कि जिले के हाटपिप्ल्या एवं बागली के जे.व्ही. गोदामों में समिति द्वारा क्रय किया गया है। उक्त गेंहु को अन्य गोदाम के परिवहन व्यय कर संग्रहित भण्डारित किया जा रहा है। उक्त आदेश से यह स्पष्ट हो रहा है कि शासन जे.व्ही. गोदाम संचालको को किसी भी स्तर पर खर्चा कर व्यवसाय को समाप्त करना चाहती है। जे.व्ही.गोदाम संचालको को उपार्जन वर्ष 2023-24 में भण्डारित समस्त स्कंध के किराये की राशी आज तक अप्राप्त है। खरीदी का कमीशन खरीदी समाप्ती के दो वर्षो बाद दिया जातां है, जो तर्कसंगत नही है। समिति द्वारा उपार्जित एफएक्यू गेंहु को आपके के द्वारा नियुक्त सर्वेयर द्वारा नान एफएक्यू कर दिया जाता है जिससे भण्डारित स्कंध का भुगतान प्रभावित होता है। उपार्जित गेंहु को स्टेक लगाने से मना कर दियां जाता है जिससे उपार्जन केन्द्र में खरीदी प्रभावित होती है। उपार्जन वर्ष 2024-25 में किसानो को राशी का एक माह से भुगतान नहीं किया गया जिसमें किसान गोदाम संचालकों पर दबाव बना रहे है। सतवास एवं खातेगांव जे.व्ही. गोदामो से ननासा गोदाम पर परिवहन द्वारा भण्डारण करने का हम विरोध करते है क्योकि ननासा गोदाम पर शासन की बीओटी योजना मे नही आता है। आप के द्वारा गोदाम संचालको को निरंतर परेशान किया जा रहा है एवं गोदाम संचालको की मानसिक एवं आर्थिक स्थिति विगत दो वर्षो से बहुत खराब हो रही है। हम देवास जिले के सभी गोदाम संचालक खरीदी मे सहयोग नही कर सकेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष वेद प्रकाश ठाकुर, उपाध्यक्ष कैलाश टाडा खातेगांव, निलेश यादव खातेगांव, राजा पटेल सतवास, सोनू नाहर सोनकच्छ ,रामकिशोर बागली, अजय सिंह राजपूत टोंक खुर्द सुरेंद्र झाला टोंक खुर्द सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### राम भक्त वीर हनुमान के मंदिरों में दर्शन करने दिनभर रही भक्तों की भीड़

# हनुमान जन्मोउत्सव पर श्री खेड़ापति मारुति मंदिर पर की आकर्षक साज-सज्जा, बाबा का किया मनमोहक श्रृंगार





मंदिरों में भगवान का विशेष श्रृंगार किया। दिनभर मंदिरों में कई प्रकार के कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। मंदिरों में महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मंगलवार को हनुमान जयंती के अवसर पर जिले भर के हनुमान मंदिरों में सुबह से भक्तों की भीड़ देखने को मिली। कतार में खड़े होकर भक्त भगवान हनुमान के दर्शन करते नजर आए। मंदिरों में मंगलवार अलसुबह भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। दिनभर मंदिरों में कई प्रकार के कार्यक्रमों का दौर जारी रहा। शाम के समय मंदिरों में महाआरती के साथ महाप्रसादी का वितरण किया गया। शहर के प्रमुख खेड़ापति मारुति मंदिर, सूर्य विजय हनुमान मंदिर सहित अन्य मंदिरों में सुबह से हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका। अन्य हनुमान मंदिरों में अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है। हनुमान जयंती के अवसर पर एक दिन पहले से ही मंदिरों में विशेष तैयारी का दौर शुरू हो गया था। एमजी रोड स्थित खेड़ापति मारुती मंदिर को भी आकर्षक फुल बंगले से सजाया गया।

### हनुमान जयंती पर निकली शोभायात्रा

श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार शाम को मारुती युवा संगठन के तत्वाधान में शहर के प्रमुख मार्गो पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मारुती मंदिर अखाड़ा रोड़ से शुरु हुई शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई। मंदिर पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ। यात्रा में बड़ी संख्या में हनुमान भक्त शामिल हुए। शोभायात्रा में झांकियां भी शामिल थी जो आकर्षण का केन्द्र रही। मारुती युवा संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के चलते 21 अप्रैल से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का दौर चल रहा है। जिसमें पहले दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। दूसरे दिन शहर के प्रमुख मार्गों पर मारुती मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही रात 8 बजे भव्य महा



आरती का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में अखाड़ों के कलाकारों की ओर से एक से बढक़र एक प्रस्तुति दी।

### शहर कांग्रेस ने 501 हनुमान चालीसा का किया वितरण

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर शहर जिला कांग्रेस एवं विनोदिनी व्यास द्वारा पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा की उपस्थिति में श्री खेड़ापति सरकार की पूजा अर्चना कर दर्शनार्थियों को 501 हनुमान चालीसा का वितरण करते हुए हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि भगवान श्री राम के अनन्य भक्त श्री पवन पुत्र हनुमान जी का आशीर्वाद हम सब पर बना रहे। इस अवसर पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र मालवीय, शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी, पूर्व महापौर जयसिंह ठाकुर, विनोदिनी रमेश व्यास, कांग्रेस नेता रमेश व्यास, सुधीर शर्मा, भगवान सिंह चावड़ा, विक्रम मुकाती, राहुल पवार, डॉ रितेश शर्मा, मुन्ना सरकार, संतोष मोदी सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।


### हनुमान प्रकट उत्सव पर आधुनिक कुश्ती हाल का लोकार्पण

शहर की प्राचीन श्री यशवंतराव व्यायामशाला में श्री हनुमान जयंती पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। उल्लेखनीय बात है कि आज ही के दिन सन 1939 में मंगलवार को व्यायामशाला की स्थापना हुई। स्थापना दिवस के 85वें वर्ष एवं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को नए आधुनिक कुश्ती हाल का शुभारंभ किया गया। जिससे कुश्ती प्रेमियों में उत्साह का वातावरण रहा। इस अवसर पर उपस्थित शिवा पह. चौधरी, समाजसेवी प्रतापराव आवटे, डॉ. वर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। व्यायामशाला परिवार की ओर से अशोक गायकवाड, भेरूसिंह चौधरी उस्ताद, संजय पानसरे, अभिजीत सिंह बैस, गुरूचरण पहलवान, भावेश पहलवान, रंजनदेश पाण्डे, वरूण राठौर, मनीष पहलवान, हनुमान पहलवान, मोहन राजपूत, अमित दायमा, दीपक चौधरी, मनीष चौहान सहित सम्पूर्ण व्यायामशाला परिवार उपस्थित रहा। संचालन अनिल सिंह बैस ने किया।

### हनुमान जयंती पर भंडारा व चल समारोह का हुआ आयोजन



**चापडा।** हनुमान जयंती पर बागली नगर के प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर और भोमिया जी मंदिर में हनुमान जी कि मुर्ति का अभिषेक कर आकर्षक श्रंगार किया गया। 56 भोग लगाकर महाआरती की गई,एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। नगर में हनुमान जयंती के अवसर पर प्राचीन खेड़ापति अनुमान मंदिर पर मंदिर समिति द्वारा तीन दिवसीय यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें तीन दिनों तक सात यजमानों द्वारा आहुति दी गई। मंगलवार के दिन हनुमान जयंती पर पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन हुआ। पंडित दीपक त्रिवेदी,शरद उपाध्याय व्दारा यज्ञ संपन्न कराया गया। इस दौरान हनुमान मंदिर से भव्य चल समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी सम्मिलित हुए। चल समारोह नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा ,जहां पर चल



समारोह का समापन किया गया। चल समारोह का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान हनुमान जी की महाआरती करने का लाभ 17500 रूपये की बोली लगाकर कान्हा पाटीदार एवं अर्जुन प्रजापत द्वारा लिया गया। सरदार पटेल युवा संगठन पाटीदार समाज चापडा की ओर से मंदिर में पुजारी विजय कुमार त्रिवेदी व समिति सदस्यों को दो छत पंखे भेंट किए गए। मंदिर समिति अध्यक्ष मोहनलाल उपाध्याय, सदस्य गणेश पटेल, विकास त्रिवेदी ने बताया कि, सभी नगर वासियों के सहयोग से आयोजन किया गया है। हरिओम वैष्णव की ओर से हनुमानजी की मूर्ति का आकर्षक श्रंगार किया। चेतन पुन्यासी, रोहित राजपूत कि ओर से 56 भोग लगाया गया। रामायण मंडल चापडा व्दारा सुंदर कांड का आयोजन किया गया। दानदाताओं के सहयोग से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में ग्रामीण जन पहुंचे और प्रसादी ग्रहण की।इस आयोजन में समिति के सभी सदस्यों का सहयोग रहा है।

## स्वीप अभियान के संबंध में वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मतदाता जागरूकता के संबंध में अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मलय श्रीवास्तव एवं संचालक पंचायती राज संचालनालय एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन मनोज पुष्प ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत वोटर टर्न आऊट एवं स्वीप गतिविधियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से चर्चा की। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, डीपीएम शीला शुक्ला, जिला प्रबंधक सुमन जायसवाल एवं पंकज सिंह ठाकुर वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुए। वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक में कहा गया कि प्रथम चरण में मतदान का प्रतिशत कम था। आने वाले द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना है।

## दीपक जोशी बोले जवेरी श्रीराम मंदिर की भूमि पुन: श्रीराम के नाम पर हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री हनुमान जयंती के अवसर पर पूर्व मंत्री दीपक जोशी, पं. रितेश त्रिपाठी, धर्मेन्द्रसिंह कुशवाह एवं साधना प्रजापति ने जवेरी श्रीराम मंदिर (एम जी रोड देवास) को हाइकोर्ट के निर्णय पर मंदिर की भूमि को कब्जा मुक्त कराने तथा उक्त भूमि को श्रीराम के नाम पर दर्ज कराने लिए प्रेस वार्ता का आयोजन किया। पूर्व में विगत दिनों जिलाधीश देवास को हाईकोर्ट के आदेश के परिपालन हेतु आवेदन साधना प्रजापति एवं धर्मेन्द्रसिंह कुशवाह द्वारा दिया गया था। प्रेस कांफ्रेंस में बताया गया कि उक्त भूमि भगवान श्रीराम को तत्कालीन सरकार देवास जूनियर राम बाग स्थित 25 बीघा भूमि मंदिर के संचालन, रख रखाव इत्यादी के लिए दी गई थी। परंतु कथाकथित एक स्वयं भू ट्रस्टी द्वारा उक्त जमीन कई लोगों को विक्रय कर दी गई। इससे व्यथित होकर एक पूर्व ट्रस्टी द्वारा जिला न्यायालय में एक वाद दायर किया गया। इस प्रकरण में न्यायालय द्वारा उक्त भूमि को पुनः श्रीराम को देने तथा स्वयं भू ट्रस्टी को हटाकर नये ट्रस्टी बनाये जाने का आदेश वर्ष 2005 में पारित कर दिया



गया। उक्त जमीन पर प्रभावशाली बाहुबली, राजनैतिक संरक्षण प्राप्त लोगों का कब्जा है, उनके दबाव में अधिकारियों द्वारा कार्यवाही न करते हुए उन्हें कोर्ट जाने के लिए 7 वर्ष का समय दिया गया। उसके उपरांत 2012 में जिन तथाकथित ट्रस्टी को हटाया गया था उनके द्वारा एक याचिका माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में दायर की गई। जिसमें ट्रस्टी द्वारा एसडीएम द्वारा जिला न्यायालय के आदेश के परिपालन में ट्रस्ट की संपत्ति को बेचने की अनुमतियां जारी की गई थी उसे निरस्त कर दिया गया था। उक्त पिटिशन में भी न्यायालय द्वारा जिला न्यायालय के आदेश को सही माना उसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटी नहीं पाई गई साथ ही यह आदेश भी जारी किया गया कि ट्रस्ट की संपत्ति को शासकीय संपत्ति न माना जाए तथा रजिस्ट्रार ट्रस्ट (एसडीएम )का आदेश निरस्त कर दिया। जब न्यायालय द्वारा आदेश उपरांत भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई, न ही भूमि को मुक्त कराने हेतु प्रयास किया गया और ना ही भू अभिलेखों में श्रीराम का नाम दर्ज किया गया। जब ट्रस्टियों और अवैध क्रेताओं को यह आभास हुआ कि जिला न्यायालय और न्यायालय में हमारे विरूद्ध आदेश पारित हो गए हैं। तब एसडीएम (रजिस्ट्रार ट्रस्ट) द्वारा उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर के आदेश के लगभग 500 दिनों से ज्यादा के उपरांत उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर की डबल बैंच में रिट अपील दायर की गई तथा अन्य क्रेताओं को भी यह आभास हो गया था कि श्रीराम की भूमि जो षडयंत्र पूर्वक उनके द्वारा क्रय की गई है वह वापस शासन द्वारा लेकर मंदिर को दी जा सकती है इसलिए उन्होंने भी अलग अलग याचिकाएं उच्च न्यायालय की डबल बैंच में दायर की परंतु न्यायालय द्वारा उक्त सभी याचिकाएं दिनांक 25 अगस्त 2023 को खारिज कर दी गई। इससे स्पष्ट है कि जिला न्यायालय और उच्च न्यायालय का आदेश यथावत होते हुए कार्यपालिका के कलेक्टर एसडीएम द्वारा उक्त आदेश का पालन किया जाना था, परंतु अधिकारियों द्वारा आदेश उपरांत 9 माह बीत जाने के बाद भी न तो जमीन पर कब्जा प्राप्त करने की कोई कार्यवाही की गई और न ही कब्जेदारों को बेदखली के नोटिस जारी नहीं किए गए, और ना ही उक्त भूमि के खसरा अभिलेखों में प्रभु श्रीराम का नाम दर्ज किया गया। इससे स्पष्ट है कि स्थानीय प्रशासन स्वयं भू ट्रस्टी, स्थानीय जनप्रतिनिधि की मिली भगत एवं संरक्षण से उक्त मंदिर की जमीन को वापस नहीं दिलाये जाने का सामूहिक प्रयास किया जा रहा है। शहर के विकास हेतु उक्त भूमि का उपयोग जो कि प्रभु श्रीराम की है व्यापक जनहित में उपयोग में किया जा सकता था। इसी प्रकार देवास सीनियर की काज्जात की भूमि खसरा नं 203 बिलावली को भी जो कि शासकीय (म.प्र. वक्फ बोर्ड) की थी अधिकारियों द्वारा जानबुझकर काजी को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त जमीन का रेशो डील देवास विकास प्राधिकरण द्वारा कर लिया गया। जिसमें तत्कालीन कलेक्टर पदेन अध्यक्ष थे एवं प्राधिकरण सीईओ विशालसिंह थे। इस प्रकरण में शिकायत उपरांत एक जांच की गई। जिसमें तहसीलदार पूनम तोमर द्वारा स्पष्ट कथन दिए कि उक्त भूमि के संबंध में एग्रिमेंट रजिस्टर्ड होने के पूर्व ही अवगत करा दिया।

### जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित की जा रही है गतिविधियां

# रन फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन कर शत-प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित







हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में लोकसभा निर्वाचन-2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषव गुप्ता तथा सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अभियान हिमांशु प्रजापति के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही है। स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ द्वारा ‘रन फॉर डेमोक्रेसी’ का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया तथा सभी से लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान करने की अपील की। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत देवास में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा मतदाता जागरूकता संबंधी पोस्टर बनाए जा रहे हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से मतदाताओं से आग्रह किया जा रहा है कि आागामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की जा रही है।

### मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

छात्राओं द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है तथा छात्राओं द्वारा हाथों में मेहंदी लगाकर मतदाताओं को जागरूक कर रही हैं। संदेश के रूप में “सारे काम छोड़ दो-सबसे पहले वोट दो”। “ लोकतंत्र का पर्व मनाए-वोट डालने अवश्य जाएं”। इस प्रकार के संदेश भी लिख रही है। उल्लेखनीय है कि जिले में स्वीप अभियान के तहत की जा रही गतिविधियों में सभी के द्वारा उत्साह से सहभागिता की जा रही हे तथा इस कार्य में मतदाताओं के द्वारा भी विशेष रूचि ली जा रही है। साथ ही सभी लोग आपस में जागृत हो रही रहे हैं, और अन्य लोगों को भी जागरूक कर रहे हैं।

## आरएसएफआई नेशनल के लिए खिलाड़ी हुए रवाना



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

फ्लाइंग व्हील्स स्कटिंग क्लब के संचालक तन्मय मेहता ने बताया की 25 से 28 अप्रैल तक अमृतसर में होने वाली आरएसएफआई नेशनल प्रतियोगिता के लिए फ्लाइंग व्हील्स स्कटिंग क्लब के बच्चे अमृतसर रवाना हुए। टीम में प्रनीका सिंह परिहार, प्रयान सिंह परिहार, उद्धव माहेश्वरी, पार्थ बालोदिया, सरस चौहान, ध्रुव सिंह पटेल, नोमान अंसारी, गीतिका तवर, वंश पाथेकर, ऋषभ पटेल, टीम के मैनेजर आयुष बेहरे, गर्ल टीम की कोच माही मेहता रहेगी । बच्चों का विश्वामित्र अवार्ड सुदेश सागते , मुकेश मेहता, किरण मेहता, हेमेन्द्र निगम काकु, प्रतीक शास्त्री, गौरव कदम, संदीप जाधव, पावन पाटिल, पवन यादव, ने रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं दी। क्लब के किरण राठौड, दीपक सिंह, उत्सव बारोड, आयन सिद्धगी, रुद्राक्ष तोमर, यश पटेल, अक्षत कुमरावत ने भी शुभकामनाएं दी।

**खबर संक्षेप**

## बस ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत



**सीहोर।** अनियंत्रित हुई कॉलेज बस के चालक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार इछावर के ग्राम कुशलपुरा के दो युवक अपनी बाईक से कही जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम थूना के पास कॉलेज बस के ड्रायवर ने अनियंत्रित गति से चलाते हुए बाइक सवार युवकों को टक्कर मार दी। जिस कारण हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए इछावर के ग्राम कुशलपुरा के निवासी दोनों युवकों में से एक की मौत हो गई।

## छात्रवृत्ति के लिए पोर्टल पर आवेदन 30 तक

**सीहोर।** जिले के अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिये MPTAASC पोर्टल पर पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता एप्लाई एवं अपलोड (नवीन एवं नवीनीकरण) के लिए 30 अप्रेल 2024 तक के लिये आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिला संयोजक जनजाति कार्य विभाग ने सभी संबंधित प्रमुखों को पत्र के माध्यम से कहा है कि विद्यार्थियों द्वारा पूर्व में निर्धारित तिथि तक शत-प्रतिशत आवेदन नहीं कर पाने के कारण अब समस्त संस्थायें यह सुनिश्चित करें कि उनकी संस्था में अध्ययनरत कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने से वंचित न रहे।

### दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क उखड़ी, 10 हजार लोग भुगत रहे परेशानी

# मुरम गिट्टी डालकर निर्माण करना भूला ठेकेदार, बारिश में भुगतनी पड़ेगी परेशानी

कोठरी से निपानियां जाने वाली सड़क का डामर उखड़ने के बाद हुए गड्ढे। मुरम और गिट्टी के चलते वाहन चालक आए दिन फिसल रहे। समय पर निर्माण नहीं हुआ तो बारिश में होगी परेशानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



सीहोर जिले को शाजापुर जिले से जोडने वाली कोठरी से निपानियां जाने वाली सडक हर कही डामर उखडने के बाद हुए गड्ढे से चलने लायक नहीं बची है। सड़क निर्माण के चलते ठेकेदार ने कोठरी से पोचानेर तक मुरम और गिट्टी डाल दी है जिसके चलते वाहन चालक आए दिन फिसल रहे हैं वाहन चालकों की नजर हटी समझो दुर्घटना घटी जैसी स्थिति बन रही है। जिसकी तरफ जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इससे लोगों की परेशानी हर दिन लगातार बढ़ती जा रही है। इस सडक से प्रतिदिन करीब 10 हजार लोग मानाखेड़ी, बोरखेड़ा, गाडराखेड़ी, निपानिया कलां, पोचानेर, अरनिया कलां, शुजालपुर सहित अन्य जगह आना जाना करते हैं। जिसकी हालत वर्तमान में इतनी खराब है कि चलते समय सीधे जान जोखिम में डालना है। कोठरी से बोरखेड़ा जोड़ के बीच ही बड़े बड़े गड्ढे हो गए हैं, जबकि कई जगह पूरा डामर ही गायब है। दो पहिया वाहन चालक अक्सर गिरकर घायल होते हैं, जबकि बड़े वाहनों में टूटफूट हो रही है। इससे लोगों को नुकसान हो रहा है। बावजूद जिम्मेदार इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### पूरे मार्ग पर मुरम गिट्टी बिछी है

कोठरी से पोचानेर के बीच में पूरा मार्ग उखड़ा पड़ा है। ठेकेदार ने निर्माण के दौरान मुरम गिट्टी डाल दी है। निर्माण कार्य की रफ्तार इतनी धीमी की महीना हो गए लेकिन रोड नहीं बना मुश्किल से चार-पांच किलोमीटर ही रोड बना है। बाकी तो मूरम और गिट्टी बिछी हुई है। इससे लोगों की तकलीफ बढ़ती जा रही है। इसी मार्ग पर बोरखेड़ा व रनायल जोड़ के बीच पार्वती नदी में बना कम ऊंचाई का पुल भी





बेकार स्थिति में है। पुल पर गड्ढे होने से लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग से प्रतिदिन काफी लोग निकलते हैं फिर भी जिम्मेदार लापरवाही दिखा रहे हैं।

### हाई टेंशन लाइन के तार नहीं हटाए

कोठरी से पोचानेर तक ठेकेदार ने रोड निर्माण कार्य तो चालू कर दिया लेकिन रोड ऊंचा होने से कभी भी इस मार्ग पर बड़ी दुर्घटना घट सकती है बोरखेड़ा निपानिया कोठरी के बीच हाई टेंशन लाइन बीच मार्ग पर झूल रही है इसलिए प्रशासन को सबंधित विभाग और ठेकेदार को हाई टेंशन लाइन को तुरंत हटाना चाहिए ट्रक और बस कभी भी हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ सकते हैं।

### बारिश में होगी परेशानी

ठेकेदार जिस प्रकार से इस मार्ग का निर्माण कार्य कर रहा है उससे तो नहीं लगता है की बारिश से पहले रोड बन पाएगा और अगर रोड नहीं बना तो बारिश में वाहन चालकों के लिए यह मार्ग खतरनाक साबित होगा कीचड़ होने से फिसलन भी बढ़ जाएगी।

# चार्टेड बसों के स्टापेज की उठाई मांग

### चार्टर्ड बस व्यवस्था फिर से लड़खड़ाई



**आष्टा।** निजी बस संचालक यात्रियों से कर रहे मनमानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

इंदौर आष्टा के बीच चलने वाली चार्टर्ड बस सेवा एक बार फिर से लड़खड़ा गई है अब मात्र दो बसों के ही इंदौर आष्टा के बीच चल रही है इससे इंदौर से आष्टा और आष्टा से इंदौर जाने वाले लोग परेशान हो रहे हैं स्थानीय नागरिकों ने चार्टर्ड कंपनी से इंदौर से आष्टा के बीच नई बस चलाने की मांग की है।

दरअसल शुरुआत में इंदौर से आष्टा के बीच सुबह से शाम तक बस उपलब्ध थी। सभी बसें सुचारू रूप से चल रही थी। लेकिन कोरोना के बाद से चार्टर्ड बस सेवा प्रभावित हुई है धीरे-धीरे अधिकांश बसें बंद हो गई है। हालात यहां हो गए कि अब मात्र दो बसे चार फेरे लगा रही हैं इससे सबसे ज्यादा परेशानी आष्टा से इंदौर जाने वाले लोगों को परेशानी उठाना पड़ रही है।

### सभी बसें फूल चल रही

बता दे की आष्टा से इंदौर चलने वाली अधिकांश बसें सफल रही थी क्योंकि आष्टा से अधिकांश से बसों में व्यापारी और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं जाते और आते थे। सबसे ज्यादा परेशानी अब व्यापारी और छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है मजबूरी में लोगों को प्राइवेट बसों में सफर करना पड़ रहा है।

### प्राइवेट बसों में मनमानी

आष्टा से इंदौर चलने वाली चार्टर्ड बस जावर जोड,मेहतवाड़ा, सोनकच्छ ,देवास होकर जाती थी सभी स्थानों से पर्याप्त सवारी मिलती थी अब मजबूरी में लोगों को प्राइवेट बसों में सफर करना पड़ रहा है। शहर के सोहन श्रीवास्तव, बंटी सिंगी, सहित अनेक नागरिकों ने चार्टर्ड बस कंपनी से इंदौर से आष्टा के बीच नियमित बसें चलाने की मांग की है और बसो के फेरे बढ़ाने की मांग की ताकि लोगों को परेशानी ना हो। आलम यह है कि हर एक-दो दिन में बेस खराब हो जाती है स्थानीय नागरिकों ने इंदौर ऑफिस में इसकी शिकायत भी की है और नियमित बस चलाने की मांग की। इस संबंध में चार्टर्ड बस कंपनी के स्थानीय ऑफिस में बात करनी चाहिए लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# 7 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

पुलिस अधीक्षक सीहोर मयंक अवस्थी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीहोर पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव एवं आचार संहिता को मध्य नजर रखते हुए 07 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया गया।

22 अप्रैल को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पडियाला का रामबाबू जाट हिंगोनी जोड़ पर खड़ा है। जिस पर थाना श्यामपुर पुलिस द्वारा शीघ्रकार्रवाई करते हुए न्यायालय सीहोर के प्रकरण क्रमांक 255 2017 धारा 420 467 468 471 भादवी में 07 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी रामबाबू जाट पिता हीरालाल जाट उम्र 30 साल निवासी पडियाला थाना अहमदपुर को गिरफ्तार किया गया है जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष




पेश किया जाएगासराहनी यभूमिका संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी श्यामपुर निरीक्षक संध्या मिश्रा उप निरीक्षक रामबाबू राठौर आरक्षक आरक्षक 463 अमित नागर आरक्षण 456राजेश जाटव सैनिक 319 राम प्रसाद की सरहानी यभूमिका रही।

## कलेक्टर एसपी ने श्यामपुर क्षेत्र का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**श्यामपुर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह और पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी ने श्यामपुर के मतदान केन्द्र क्रमांक-78 उमावि, मतदान केन्द्र क्रमांक-79 उमावि, मतदान केन्द्र क्रमांक-81 पंचायत भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक-82 प्रा शा भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक-84 पंचायत भवन, मतदान केन्द्र क्रमांक-85 प्राशा भवन स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए मतदान करने आने वाले मतदाताओं के लिए पेयजल एवं छाया के लिए टेंट के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्था के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मतदान केन्द्रों में पेयजल, बिजली, पंखा, फर्नीचर, और दिव्यांगों के लिए रैम्प, मतदान केन्द्र



तक पहुंच मार्ग, शौचालय, साफ-सफाई तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जादूगर ग्रुप ने रक्तदान शिविर का किया आयोजन







हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

श्री महावीर जन्म कल्याणक एवं जिन शासन गौरव आचार्य उमेश मुनि जी महाराज साहब की दीक्षा जयंती के अवसर पर शहरी प्राथमिक केंद्र आष्टा द्वारा जादूगर ग्रुप आष्टा के तत्वावधान मैं रक्तदान शिविर एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन संपन्न हुआ। आज संपन्न हुए रक्तदान शिविर के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पारसमल सिंघवी, स्वास्थ्य विभाग से डां. नेहा अरोरा, जैन श्वेताम्बर संघ अध्यक्ष पवन सुराणा एवं ग्रुप के पंकज राठी के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर एक दिवसीय रक्तदान स्वास्थय शिविर का आयोजन प्रारंभ किया गया। उक्त शिविर में नगर के अनेक गणमान्य नागरिको ने बढचढ कर भाग लिया एवं 65 लोगो ने रक्तदान किया वही 100 लोगो ने स्वास्थ्य शिविर में अपना चैकअप करवाया। शिविर के माध्यम से रक्त दान करने वाले समस्त लोगो को जादुगर ग्रुप द्वारा जुस एवं बिस्किट की भी व्यवस्था की गई वही सभी को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गये। शिविर में पधारे सभी लोगो का समिति के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया।आज इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों में विजय खंडेलवाल, प्रदीप राठौर, त्रिलोक जैन, आनंद खण्डेलवाल, आलोक वोहरा, मनीष जैन, निलेश खण्डेलवाल, अवनिश पिपलोदिया, बसंत पाठक, गौरीशंकर राठौर, बंटी जायसवाल, सुमित मेहता, कुलदीप कोचर, पवन वर्मा, पुष्पेन्द मालु, रोहित राठौर, शैलु मेहता, सुशील पांचाल, रोहित राठौर, संजय रांका, विजय टेलर, शैलेन्द्र साहु, आशीष सोनी पांचम, संतोष जायसवाल, अक्षय जैन, कमल ठाकुर, डां. योगेन्द्र ठाकुर, दुर्गेश ठाकुर, बसंत जैन, विजेन्द्र मायसेम, विजेन्द्र स्टोनक्रेशर, लखन राठौर, आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन अतुल सुराणा एवं राहुल चतुरमुथा द्वारा किया गया वही आभार पंकज नाकोडा द्वारा व्यक्त किया गया।

# ब्लॉक इकाई अध्यक्ष जोशी का किया स्वागत सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

खाचरोद के सतीश जोशी पत्रकार खाचरोद को मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ ब्लॉक इकाई आस्टा का अध्यक्ष बनने पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट व संगठन के साथियों द्वारा हार फूल माला पहनाकर, साफा बांधकर स्वागत किया गया। वह उन्हें बधाई दी गई। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष रेवा शंकर जाट, प्रखंड अध्यक्ष बलराम जाट काकू, गणेश जाट, सोहन सोनी, राजू जाट गोलिया,



तिलक राम जाट, अरुण जाट, रामनिवास जाट सहित संगठन के सभी साथी उपस्थित थे।

### सीएम राइज़ स्कूल में मतदाता जागरूकता के लिए बनाई 18 फीट लंबी रंगोली

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी सुनिश्चित करने दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के सीएम राइज़ शासकीय उत्कृष्ट उमावि आष्टा में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने विद्यार्थियों को रंगोली बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी तमन्ना, अंजली, परी, राधिका नामदेव, भूमिका, आराधना, क्रिश, प्रिंसराज, मोहित एवं प्रशांत द्वारा विद्यालय के फाइन आर्ट शिक्षक श्रीराम श्रीवादी के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान करने के उद्देश्य से 18 वर्ष के नवमतदाता एवं अन्य मतदाताओं की जागरूकता के लिए 18 फीट लंबी एवं चौड़ी रंगोली विद्यालय परिसर में बनाई।

प्राचार्य ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों से कहा कि आप अपने आस पास निवास कर रहे 18 वर्ष से अधिक के नवमतदाताओं को मतदान करने हेतु अपने घर आंगन एवं विद्यालय में इसी प्रकार रंगोली बनाकर जागरूक करें और विद्यार्थियों को निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो यदि किसी



का नाम वोटर लिस्ट में नही है, तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से फार्म अवश्य भरे और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही गई।

प्राचार्य द्वारा समस्त विद्यार्थी एवं विद्यालय स्टाफ को शपथ दिलाई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा पहले भी मानव श्रृंखला बनाई थी।

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भविष्य में भी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा अन्य कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। मतदाता जागरूकता रंगोली बनाने में छात्र-छात्राओं के साथ विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान, विष्णुप्रसाद पंवार, असमा खानम, अंत्येश धारवां, सतीश वर्मा, पदमा परमार, आरती विश्वकर्मा, पवन राया, जितेन्द्र मेवाडे, निहायत मंसूरी, अमिता सोनी, नमीता लोवंशी, रघुवीर सिंह, गौतम चौरसिया, जितेन्द्र आर्य, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र धववाल, लीला भिलाला, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, विनय कुमार तिवारी, सपना यादव, डॉ. तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, राम सिंह, उर्मिला यादव, दिनेश कुमार शर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यि, विजय हाटेकर, निर्मलदास बैरागी, दिनेश गहरवाल, धीरम शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, गौरीशंकर मालवीय, श्रीमती वंदना सोलंकी, हुकुमचंद, शशि बिंजवा, ज्योति मंडलोई, ज्योति चौहान, अनिल पटेल, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़यि, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, रजनीकर महेश्वरी, एस.के. सिंगरिया, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा, सतीश पुस्पद, मोतीलाल पैरवाल, प्रिया गोहे, मनीष सोलंकी, विनोद नागदा, ममता अटेरिया, शुमायला सुल्तान, नेहा भूतिया, जेनसन सामुएल, स्वाति राठौर, बलवान सिंह, रीतिका तिवारी, सुनंदा वर्मा, पूजा मेवाड़ा, नेहा सोनी, विनोद मेवाड़ा, सीमा वर्मा, रीना विश्वकर्मा, राजकुमार मालवीय, रिजवान खान, श्रीश्रीराम श्रीवादी, के.डी. बैरागी, दीपिका चौहान, ज्योति ठाकुर, राजेन्द्र मालवीय, मुमताज मंसूरी, अमर सिंह मालवीय, शर्मिला गुर्जर, रिचा ठाकुर, मयंक जैन, राजेश मालवीय आदि उपस्थित थे।

### डीडबल्यूपीएस के छात्र- छात्राओं ने किया नगर का नाम रोशन

**आष्टा।** देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के छात्रों ने ई-नेक्स्ट मुन इंटर स्कूल ऑनलाइन प्रतियोगिता में विभिन्न स्तर पर पुरस्कार जीते हैं। छात्रों ने विद्यालय का नाम अखिल भारतीय स्तर पर रोशन किया है तथा सभी को गौरवान्वित महसूस कराया। विभिन्न स्तरों पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्रों में यूनिसेफ (भारत) - वंशिका सेठिया कक्षा 9,यूनिसेफ (यूके) - अनन्या शर्मा कक्षा 11,यूएनएचआरसी (जापान) - डिंपल भोजवानी कक्षा 8,जी 20 (जापान) - भूमिका भोजवानी कक्षा 6,लोकसभा (निर्मला सीतारमन)- वानिया अली कक्षा 6 तथा लोकसभा (नितिन गडगरी) - पी. कायलविजी कक्षा 6 ने अखिल भारतीय स्तर पर स्थान प्राप्त किए हैं।

# खेत पर गाय के बछड़े पर किया हमला, पहले भी कई लोगों पर कर चुके हैं हमले

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जनपद के ग्राम पंचायत बरखेड़ी आलमपुरा में इन दिनो आवारा कुत्तों ने आतंक मचाकर रख दिया है। गत दिवस बछिया को तीन कुत्तों ने घेरकर उस पर हमला कर दिया, जिसके बाद वह काफी घायल हो गई। घटना रविवार सुबह 7:30 बजे के आसपास की है। गांव के सोनू परमार सुबह अपने खेत से दूध लगाकर घर पहुंचे ही थे। थोड़ी देर में जानकारी लगी कि उनके खेत पर बंधे गाय के बछने को कुत्तों ने काट लिया। इस घटना के बारे में उनके पड़ोसी ने उन्हें बताया।

खेत पर कुत्ते के भौंकने की आवाज सुनाई दे रही थी। जब वह सोनू के खेत पर पहुंचे तो वहां पर बंधे बछड़े को तीन कुत्ते घेरकर काटने में लगे थे। उन्होंने वहां पहुंचकर कुत्तों को भगाया, तब जाकर कहीं बछड़े को छोड़ा। इस बीच बछड़ा जमकर घायल हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कुत्तों का आतंक काफी समय से बना हुआ है।

## जांच में लिपिक, तत्कालीन तहसीलदार, टीओ की संलिप्तता भी निकली थी

# हद है: 16 लाख के आर्थिक सहायता घोटाले में दब गई जांच की फाइल

**दोषी लिपिक पर एफआईआर भी अभी तक लंबित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मप्र शासन के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतकों के परिजनों को शासन से मिलने वाली 4:4 लाख आथिक सहायता मिलती है। राजगढ़ तहसील में इस सहायता में एक लिपिक(अब निलंबित)तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी, सहित कुछ अन्य की मिलीभगत से 16 लाख का घोटाला हुआ था।

इस मामले में दिलचस्प और जांच का पहलू अब यह भी निकला है कि दोषी व्यक्तियों ने टेजरी के खाते में चालान के माध्यम से 8 लाख रुपए भी पिछले दिनों जमा करवा दिए हैं। इसका सीधा-सीधा अर्थ यह भी है कि गबन तो हुआ था अन्यथा संबंधितों द्वारा राषि जमा नहीं करवाई जाती। आगे की कार्रवाई से बचने के लिए इस राषि को जमा करवाया गया है।

लेकिन, कांग्रेस पदाधिकारियों ने अब इस मामले की शिकायत लोकायुक्त की आर्थिक अपराध अन्वेक्षण शाखा में करने जा रहे हैं। आपको बतादें कि जब यह घोटाला उजागर हुआ तो आनन-फानन में तहसील कार्यालय में पदस्थ लिपिक दीपक मेहर को सस्पेंड कर दिया गया था। इसके बाद जिला प्रषासन द्वारा जब जांच दल गठित कर पूरे मामले की सिरे से जांच करवाई तो जांच अधिकारियों ने तत्कालीन तहसीलदार, तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी की संलिप्तता का जिक्र भी अपने जांच प्रतिवेदन में किया है। जांच प्रतिवेदन में दोषसिद्ध होने के बाद भी दोषियों पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है।







### ऐसे किया गया था 16 लाख का यह गबन

साल 2019-20 में करनवास निवासी गीताबाई की सर्पदंष से मृत्यु हुई थी। आर्थिक सहायता का प्रकरण तहसील कार्यालय से बना और मृतिका गीताबाई के वैध वारिसों को 4 लाख का भुगतान कर दिया गया है। इसी प्रकरण में राजगढ़ तहसील कार्यालय द्वारा तीन और प्रकरण बनाकर कोषालय में भुगतान हेतु भेजे गए और तीन अलग-अलग खातों में तीन बार 4-4 लाख की राषि ट्रांसफर की गई। यह सब तत्कालीन नायब नाजिर दीपक मेहर द्वारा किया गया। ऑडिट टीम ने गड़बड़ी पकड़ी और प्रषासन द्वारा पूरे मामले की जांच करवाई गई। इस जांच दल ने दीपक मेहर के अलावा तत्कालीन तहसीलदार और तत्कालीन जिला कोषालय अधिकारी को भी दोषी माना है।

### जांच में निकले थे यह निष्कर्ष

- कुल 16 लाख के भुगतान सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना हुए हैं।
- जिला कोषालय द्वारा भी बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना भुगतान किया जाना नियम विरुद्ध होने के साथ-साथ वित्तीय अनियमितता व गबन है। यदि जिला कोषालय द्वारा जांच की जाती तो अनियमितता/गबन को रोका जा सकता था।
- दीपक मेहर व अन्य द्वारा किया गया कृत्य जान-बूझकर व सोची समझी साजिष होना प्रतीत होता है जो धोखाघड़ी, जालसाजी, कूटरचना व गबन है।

**शिकायत करूंगा**

भाजपा के शासन में राजगढ़ जिले अधिकारी मनमर्जी करके शासन को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। जब जांच कमेटी दोष सिद्ध कर चुकी है तो दोषियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। मैं अब इस पूरे मामले की शिकायत लोकायुक्त भोपाल से करने जा रहा हूं।

**- अषोक वर्मा, लोकसभा अध्यक्ष, युवक कांग्रेस, राजगढ़**

---

## लापरवाही के चलते सूनी पड़ी राजगढ़ की उपमंडी

# खुले में गेहूं खरीदी, शासन को राजस्व का चूना लगा रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

इसे विडंबना और जिम्मेदारों की अनदेखी ही कहा जाएगा जो छोटे-छोटे शहरों, कस्बों की मंडियों में जहां दिन-रात उपज की खरीदी चल रही है वहीं राजगढ़ मुख्यालय की उपमंडी सूनी पड़ी हुई है। अधिकारियों की अनदेखी का फायदा नगर के कुछ गल्ला व्यापारियों द्वारा उठाते हुए खुले में गेहूं सहित अन्य फसलों की खरीदी की जा रही है।



अगर व्यापारी मंडी में उपज खरीदें तो उन्हें मंडीबोर्ड को टैक्स चुकाना पड़ेगा और इसी से बचने के लिए मुख्यालय के विभिन्न स्थानों पर बड़े व्यापारी खुले में किसानों से खरीदी कर रहे हैं। यहां आपको बतादें कि 100 रुपए पर 1 रुपए 20 पैसे का टैक्स संबंधितों को चुकाना पड़ता है। अगर एक करोड़ की खरीदी प्रतिदिन राजगढ़ के व्यापारी कर रहे हैं तो ऐसे में शासन और मंडी बोर्ड को प्रतिदिन सवा लाख रुपए का चूना लग रहा है। न तो मंडी के सचिव और न ही अन्य द्वारा खुले में खरीदी कार्य से जुड़े व्यापारियों पर कोई कार्रवाई की जा रही है।

### कालीपीठ जैसे गांव से मिल रहा राजस्व

राजगढ़ मुख्यालय उप-मंडी जहां सूनी पड़ी हुई है वहीं कुछ ही किमी दूर स्थित छोटे से गांव की कालीपीठ की उपमंडी में प्रतिदिन अनेकों किसान अपनी उपज बेचने पहुंच रहे हैं। इस अप्रेल माह में ही टैक्स के जरिए मंडी बोर्ड को हजारों रुपए की आमदनी कालीपीठ मंडी करके दे चुकी है।

**कार्रवाई करेंगे**

मैं सचिव को बोलकर दिखवा लेता हूं कि उप-मंडी में खरीदी क्यों नहीं की जा रही है। व्यापारियों पर भी कार्रवाई करेंगे।

**- गुलाब सिंह बघेल, एसडीएम एवं प्रषासन, राजगढ़ उप-मंडी**

---

# अगले 2 दिन गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एक बार फिर मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है। सुबह से आसमान में बादल छा रहा हैं। मौसम में आ रहे बदलाव की चलते तापमान में उतार-चढ़ाव हो रहा है।

पिछले कुछ दिनों से मौसम खुला रहा। सूरज की तेज तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि के कारण तापमान 40 डिग्री के आसपास पहुंच गया था। अब फिर से बादल छाने लगे हैं। मौसम विभाग ने दो दिन हल्की बारिश की संभावना जताई है। आज सोमवार को उच्चतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। बेमौसम बारिश होने से सबसे ज्यादा परेशानी का सामना किसानों को करना पड़ा है। अब किसान अपनी उपज को बेचने के लिए मंडी पहुंच रहे है, ऐसे में बारिश होने से उनकी उपज गीली होने का खतरा मंडरा रहा है।

---

## भक्तों की हर मनोकामना होती है पूरी

# 40 साल पहले चबूतरे पर विराजमान थे संकट मोचन, आज भव्यतम मंदिर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय पर वैसे तो राम के दास हनुमान के अनेकों मंदिर हैं लेकिन बलडी क्षेत्र स्थित प्रचीनतम संकट मोचन हनुमान मंदिर का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। आज से करीब 40 वर्षों पूर्व संकट मोचन हनुमानजी छह बाय छह के एक छोटे पर चबूतरे पर विराजमान थे। तब कुछ हनुमान भक्तों स्वर्गीय लक्ष्छीराम मौर्य, स्वर्गीय राधाकृष्ण मेवाड़े, स्व. श्यामसुंदर कौषिक सहित अन्य द्वारा जन-सहयोग से एक-एक, दो-दो रुपयों की राषियां एकत्रित कर धीरे-धीरे यहां काम शुरू करवाना आरंभ करवाया गया। उक्त सभी बुजुर्गजन तब स्वयं ही वहां मजदूरों की तरह मंदिर निर्माण कार्य में भिड़ गए। धीरे-धीरे हनुमानजी का एक बड़ा मंदिर बनकर तैयार हो गया जहां हर मंगलवार और शनिवार सैकड़ों की संख्या में भक्त दर्शन करने पहुंचने लगे। आज यह मंदिर किसी धाम से कम नहीं है। यहां हर मंगलवार को हनुमान चालीसा एवं हर शनिवार को सुंदरकाण्ड का पाठ आयोजित करवाया जाता है वहीं समय-समय पर रामायण पाठ भी आयोजित होती रहती है। मंदिर समिति की एक मंडली भी है जो विभिन्न घरों, प्रतिष्ठानों में सुंदरकाण्ड पाठ के लिए आमंत्रित की जाती है।

### प्रयासों से परिसर में निर्मित हुए अन्य मंदिर

संकट मोचन हनुमान मंदिर के संस्थापकों के योगदान के साथ ही वर्तमान समिति के युवाओं को भी भव्य मंदिर, सुंदर पार्क, लाईटिंग व अन्य कार्य करवाने का श्रेय जाता है। मंदिर के दाहिने हाथ पर भोलेनाथजी का मंदिर है जो काफी पहले निर्मित करवाया जा चुका था। वहीं, दाहिनी हाथ पर कुछ वर्षों पहले ही राम-जानकी का मंदिर एवं संकट मोचन के ठीक सामने भगवान गणेषजी की प्रतिमा विराजित करवाई गई है।

### समिति के ऊर्जावानों की मेहनत से हुए कई विकास कार्य

नवीन समिति के ऊर्जावान युवाओं में शामिल कैलाष मौर्य, लोकेष दुबे बबलू, गोवर्धन दांगी, दीपक बैरागी, मुकेष गुप्ता, बंटी पांडे, तिरेष सेमले, नारायण खिंची, अरुण नागर, बंटी भ्लिाला, हरिओम नेजर, संतोष सक्सेना, रूप कुमार सक्सेना, आनंद शर्मा, रमेष जोषी, राजेंद्र कुसुम, गौरव पिपलोटिया, विषाल कनावत, गिरिराज बैरागी, अंकित जोषी व अन्य सदस्य प्रतिदिन यहां नवीन विकास की रूपरेखा व उसे फलीभूत करने के कार्यों में सतत रूप से लगे हुए हैं।

---

## अवैध गौ परिवहन को लेकर बजरंग दल ने देर रात थाने में किया प्रदर्शन

# आयोजन में परोसा गया मांसाहार! बजरंगियों ने थाने में पढ़ा हनुमान चालीसा का पाठ

**पुलिस की सद्बुद्धि के लिए किया पाठ**


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

प्रदेश में भाजपा की सरकार होने के बावजूद बड़ी संख्या में अवैध गौ परिवहन का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है । यहां के गौवंश से भरे वाहन आए दिन अन्य शहरों में पकड़ा रहे हैं। जिससे यह साबित हो रहा है कि इस घृणित व्यवसाय में कुछ पुलिसकर्मियों के साथ-साथ कई जिम्मेदार भी लिप्त है। तभी शासन के लाख प्रयासों के बावजूद यह व्यवसाय पूर्व की भांति आज भी बदस्तूर जारी है।

### आयोजनों में परोसा जात मांसाहार

रविवार देर रात सारंगपुर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस थाने के बाहर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया था। बजरंग दल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नगर में पिछले कुछ दिनों से गौ तस्करी बढ़ रही है जिसे रोकने में पुलिस की और से सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। ज्ञात हो कि रविवार शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि निजी स्कूल परिसर में एक समारोह में गौमांस परोसा जा रहा। पुलिस ने पशु चिकित्सक के साथ मौके पर पहुंचकर सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाया। इसकी जानकारी लगते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता थाने पहुंचे।

बता दें की बढ़ते अवैध गौ परिवहन को लेकर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं द्वारा थाने का घेराव किया गया और पुलिस को सदबुद्धि के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया। बजरंग दल के जिला सह मंत्री नीकेश पुष्पद ने बताया पिछले दिनों भी गौ तस्करों द्वारा बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ अभद्रता कर गाड़ी से टक्कर मारी थी। कुछ दिनों से गौवंश तस्कर लगातार सक्रिय हैं। पुलिस प्रशासन लाख रोकना चाहे लेकिन ऐसी कौन सी मजबूरी है, जो इसे रोक नहीं पाते। वही ज्यादा सख्ती दिखाने वाले अधिकारी को प्रताड़ना के साथ तबादले का शिकार होना पड़ता है।



### स्थानीय निकाय की रसीदें संदेह के घेरे में

ऐसा नहीं है कि गौ माता के मामले में पुलिस प्रशासन ही जिम्मेदार है यहां आसपास के हाट बाजारों में आने वाले वाहन जो पशु भरवाने में जो रसीदे काटती है वह भी संदिग्ध होती है। जनचर्चा है की ग्राम पंचायतों नगर पंचायत में मौजूद कर्मचारीगण मोटी रकम लेकर अवैध रसीद बना देते हैं जिससे यह आरोपीगण बचने में कामयाब हो जाते हैं। किसी की शिकायत पर जब पुलिस इन पर कार्रवाई करती है तो अपराधियों द्वारा कागजात मांगने पर यह संबंधित क्षेत्र की पंचायत की अवैध रसीद लाकर दे देते हैं। जिससे उनको गाड़ी तथा मॉल पुनः हासिल हो जाता है।

**सैंपल लिया है**

सूचना मिली थी के एक मुस्लिम परिवार के यह आयोजन में गौ मांस बनाया गया है, मौके पर जाकर मांस का सैंपल लिया गया हैं जांच उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

**संतोष बघेल थाना प्रभारी सारंगपुर।**

---

## आचार संहिता उल्लंघन, अधिकारी बोले होगी कार्रवाई

# सरकारी कर्मचारी कर रहे राजनीतिक पार्टी का प्रचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

चुनाव आचार संहिता लागू है परंतु शासकीय कर्मचारी इसका उल्लंघन कर अपनी लापरवाही दिखाने पर उतारू है। ताजा मामला पीडब्ल्यूडी राजगढ में तैनात कर्मचारी मोहम्मद शफीक का है। जो एक शासकीय स्थाईकर्मी के तौर पर पदस्थ है इसके बावजूद भी वह विभाग का काम न करते हुए राजनीतिक पार्टीयों के प्रचार तंत्र का हिस्सा बने हुए है। इस तरह किसी भी राजनीतिक पार्टी की गतिविधियों में भाग लेना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 129 व 134 का उल्लंघन है एवं धारा 129 के अंतर्गत यह दण्डनीय अपराध है। वहीं यह आदर्श आचार संहिता व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 का भी उल्लंघन है । अब देखना यह है



कि इस तरह के षासकीय कर्मचारीयों पर चुनाव आयोग क्या एक्षन लेता है । जहां तक विभाग की बात है तो विभागीय कार्रवाई को हरी झंडी मिल गई है।

**विभागीय कार्रवाई होगी**

शिकायत आई है और संबंधित पर विभागीय कार्रवाई होगी। शासकीय सेवा में रहते हुए राजनीतिक पार्टी का प्रचार अनुचित है।

**आकाष दुबे, कार्यपालन यंत्री पीडब्लूडी राजगढ**

---

### यूथ होस्टल्स की एमपी शाखा से जुडे हैं सभी राईडर्स



**राजगढ़।** यूथ होस्टल्स ऑफ इंडिया की मप्र शाखा वर्ष 2023 को स्वर्ण जयंती वर्ष के रूप में मना रही है। इसी कड़ी में समिति के सदस्यों द्वारा 17 अप्रेल से 24 अप्रेल तक बाईक रैली का आयोजन किया जा रहा है। प्राचीन जल-स्त्रोतों के संरक्षण हेतु जनमानस में जागरुकता के उद्धेय से निकाली जा रही यह बाईक रैली सोमवार को राजगढ़ मुख्यालय पहुंची। यहां नगर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों द्वारा हार-मालाओं, पुष्पवर्षा से सभी बाईक राईडर्स का उत्साहवर्धन करते हुए उनका स्वागत, अभिनंदन किया गया। राजगढ़ पहुंचने के बाद यह रैली खुजनेर, पचोर, सारंगपुर क्षेत्र के लिए रवाना हुई जहां से यह शाजापुर जिले की सीमा में प्रवेष करेगी। स्वागत, अभिनंदन करने वालों में शैलेंद्र विजयवर्गीय टिल्लू, दिलीप सिंह चैहान, मनोज हाड़ा, संजय विजयवर्गीय, मुकेष विजयवर्गीय, षिवपाल भाटी, देवराज परमार, राकेष गुप्ता राज मेडीकल, मार्तण्ड सिंह सौलंकी, सुनील शर्मा, अजीत विजयवर्गीय, गिरिराज शर्मा, संजय सक्सेना, महिपाल भाटी, मनोज साहू सहित अन्य प्रबुद्धजन शामिल थे।

---

## डाक्टर ने कह- तीन सो रुपए जमा करो प्राइवेट पर्चा बनवा लो

# आरोप: डॉ ओपीडी में नहीं घर पर कर रहे हैं मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

सिविल अस्पताल में अव्यवस्थाओं के चलते मरीज ओर परिजन परेशान का यह मामला कोई नया नहीं है पुर्व में भी हुई डाक्टर ओर परिजनों के बीच बहस।रात्रि कालीन ड्यूटी के दौरान यह समस्या आम है जिसमें विवाद कि स्थिति निर्मित होती है। क्योंकि रात्रि समय मे डाक्टरों कि बारी बारी से ड्यूटी लगाई जाती है एवं वहीं डाक्टर मरीज को रात्रि में देखता है।मरीज के परिजन का कहना डाक्टर घर पर मरीज को बुलाते अस्पताल में नहीं देखा। घटनाक्रम इस प्रकार है। सोमवार प्रातः 5 बजे के लगभग कि है जो निकट गांव के देवरी निवासी जितेंद्र सिंह पवांर नामक युवक अपने पिता का इलाज कराने अस्पताल में लाये थेऔर धमकी दी कि एफआईआर करवा दुंगा तेरी शादी बिगाड़ दूंगा जमानत भी नहीं होवेगी।जतेन्द्र सौधिया ने आरोप लगाते हुए कहा कि ड्यूटी समय में डाक्टर मोजूद नहीं और जब मरीज के दर्द में आराम नहीं मिला तो सरकारी डाक्टर प्रायवेट में फीस जमा करवा रहे और मेडिसन के लिए भी कह रहे यही से ले लो



जिसके पैसे लगेंगे।डाक्टर ने पुलिस को भी सुचना दी जो मोके पर पहुंची तथा मामले में सामंजस्य स्थापित किया।ड्युटी डाक्टर बीएमओ डॉ मनोज कुमार गुप्ता का कहना' 21 अप्रेल से इमरजेंसी ड्यूटी कर रहा एवं 22 अप्रेल को पांच बजकर 23 मिनट पर बहादुर सिंह पवांर पिता मांगीलाल पवांर नामक मरीज जिसके पेट में दर्द और पेशाब में जलन थी लेकर अस्पताल में आये थे जिसको संपूर्ण ट्रीटमेंट दिया गया। उसके बाद दर्द कम नहीं हुआ ऐसे में मरीज के परिजन ने प्राइवेट इलाज की बोला जिसकी नियमानुसार जो फीस है वह ली गई सहकारी सिस्टम से प्रायवेट इलाज के लिए आये तो फीस ली परिजन द्वारा उस दौरान जबरजस्ती वीडियो बनाया जा रहा था जो नियम विरुद्ध है उसका मैंने विरोध किया। कोई गलत व्यवहार नहीं किया। इमरजेंसी में 100 मरीज देखें।

---

## बीती रात अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी सब्जी मंडी व्यापारी पिता-पुत्र की मौत

# पिता-पुत्र की एक साथ निकली शवयात्रा देख हर किसी की आंख से निकले आंसू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर के खरिया मोहल्ला निवासी पिता पुत्र की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सोमवार दोपहर पिता और पुत्र की एक साथ शवयात्रा निकली तो हर किसी की आंखों से आंसू निकल आए और शहर में सन्नाटा छा गया। दरअसल सारंगपुर शहर में रविवार रात 11 बजे भावना होटल के सामने बाइक सवार पिता-पुत्र की सडक दुर्घटना में मौत हो गई थी। सारंगपुर के वार्ड एक खारिया मोहल्ला निवासी सब्जी मंडी व्यापारी केदार पिता तुसलीराम पुष्पद (50) और उनके बेटे दीपक पुष्पद (25) सारंगपुर से 15 किलोमीटर दूर पड़ाना कस्बे में आयोजित समाज के संतोष पुष्पद के यहां शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गए थे। रविवार रात 11 बजे के करीब शादी समारोह में शामिल होकर वापस लौटते समय सारंगपुर में अकोदिया नाका भावना होटल के सामने विपरीत दिशा से तेज गति से आ रही सफेद रंग की कार ने टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक पुत्र दीपक




की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायल व्यापारी केदार पुष्पद और मृतक पुत्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां से ज्यादा गंभीर होने पर पुष्पद को इंदौर रेफर किया गया, लेकिन इंदौर ले जाते समय उनकी भी मौत हो गई। थाना प्रभारी संतोष सिंह वाघेल ने बताया कि पुलिस ने दोनों पिता-पुत्र के शव की पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम पर किया गया है। वही पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर वाहन को पकड़ने के लिए कार्रवाई की जा रही है।शवयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोगसड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हुए पिता पुत्र की शवयात्रा में पुष्पद समाज सहित अन्य समाज के लोग सैकड़ो की संख्या में शामिल हुए। शवयात्रा मोहल्ला खरिया से निकाली गई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए पाडल्या रोड स्थित मुक्तिधाम पहुंची जहां दोनो का अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि मृतक पिता केदार पुष्पद के तीन पुत्र है जिनमें से एक दीपक पुष्पद की उनके साथ दुर्घटना में मौत हो गई। दीपक भी शादीशुदा था और उसके एक लगभग 6 वर्ष का पुत्र और एक वर्ष की बालिका है।